# भूमि सुधार उप समाहर्त्ता का न्यायालय, धालभूम, जमशेदपुर।

मिसकेस संख्या–05 / 2024–25

| तिथि | आदेश | कि गई कार्रवाई |
|---|---|---|
| 13/06/24 | अभिलेख उपस्थापित। अभिलेख के साथ प्रस्तुत आवेदन पत्र पर अंचलाधिकारी बोड़ाम के जाँच प्रतिवेदन एवं अनुशंसा तथा अन्य कागजातों के अवलोकन एवं साक्ष्यों के आधार पर अन्तरण की पूर्वानुमति के लिए अपेक्षित निम्नांकित शर्तें विद्यमान हैः– | |

1. विक्रेता / दाता प्रसंगाधीन जमीन के अधिभोग (occupancy) रैयत है।
2. विक्रेता / दाता और क्रेता / ग्रहिता दोनों ही पिछड़ी जाति के सदस्य है। (जाति प्रमाण पत्र संलग्न)
3. ग्रहिता / क्रेता एवं दाता / विक्रेता दोनों ही एक ही जिला के निवासी हैं, जिस जिला के क्षेत्राधिकार में प्रसंगाधीन जमीन अवस्थित है। (निवास प्रमाण पत्र संलग्न)
4. प्रस्तावित अन्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है।

अतः छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 46 के अंतर्गत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा 46(1) द्वितीय परन्तुक (ख) के अन्तर्गत विक्रेता / दाता :–**1) सुरुवाली महतो, पति–स्व0 तरनी महतो, ग्राम–धानचाटानी, थाना–गोविन्दपुर, अंचल–जमशेदपुर, 2) सुशिला महतो पति–जुसेद महतो उर्फ सुसेन महतो, ग्राम–पिपला, थाना–एम0जी0एम0, अंचल–मानगो, 3)दिपाली महतो, पति–स्व0 ललित महतो, ग्राम–सुकलाड़ा, थाना–एम0जी0एम0, अंचल–मानगो, 4)दिपाली महतो पति–हलधर महतो, ग्राम–पिपला, थाना–एम0जी0एम0 अंचल–मानगो, सभी जाति–कुर्मी, सभी के पिता–स्व0 बजेन्द्र महतो उर्फ घोल्टु महतो, जिला–पूर्वी सिंहभूम** को मूल्य–**1,05,000 / –**रूपये या जिला निबंधक द्वारा निर्धारित मूल्य में से जो है अधिक है, की दर से क्रेता / ग्रहिता :–**1)उमाशंकर महतो, पिता–पदमलोचन महतो, 2) परेश नाथ महतो 3) पशुपति महतो, दोनो के पिता–स्व0 मनिन्द्र नाथ महतो,** जाति–**कुर्मी सभी निवासी, ग्राम–भुला,** थाना–**बोड़ाम,** अंचल–**बोड़ाम , जिला– पूर्वी सिंहभूम** के नाम बिक्री हेतु निम्नांकित जमीन,

| मौजा | थाना सं0 | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकवा |
|---|---|---|---|---|
| भुला | 70 | 236 | 2763 | 0.52ए0 |

के प्रस्तावित अंतरण की पूर्वानुमति दी जाती है।

लेखापित

Digitally signed by GOUTAM KUMAR
Date: 2024.08.12 12:39:19 +05:30
Location: 10.93.19.90

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
धालभूम, जमशेदपुर।